भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1376

सोमवार, 27 जुलाई, 2026/ 5 श्रावण 1948 (शक)

तांडूर में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल की स्थापना

†1376. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तेलंगाना के विकाराबाद जिले के तांडूर में एक कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल की स्थापना के लिए तेलंगाना राज्य सरकार, जन प्रतिनिधियों, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), श्रमिक संगठनों, उद्योग संघों या किसी अन्य हितधारक से कोई प्रस्ताव या अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तांडूर एक प्रमुख सीमेंट विनिर्माण केंद्र है जहां भारतीय सीमेंट निगम सहित कई बड़े सीमेंट उद्योग स्थित हैं जिनमें ईएसआई योजना के अंतर्गत आने वाले बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं, और ईएसआई अस्पताल न होने के कारण बीमाकृत श्रमिकों और उनके परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और

(घ) क्या सरकार का तांडूर में एक ईएसआई अस्पताल स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): तत्कालीन माननीय सांसद (लोकसभा), श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी से तांडूर, जो अब विकाराबाद जिला, तेलंगाना में है, कारखाना कर्मचारियों के लिए ईएसआई चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में दिनांक 03.10.2015 को एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था।

ईएसआईसी मुख्यालय ने तांडूर में 2-डॉक्टरों वाले ईएसआई औषधालय की स्थापना हेतु वर्ष 2018 में सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की थी। हालाँकि, तेलंगाना सरकार द्वारा औषधालय का संचालन नहीं कर पाने के कारण, सैद्धांतिक स्वीकृति को बाद में दिनांक 20.02.2026 को वापस ले लिया गया है। बीमित व्यक्ति और उनके आश्रित वर्तमान में ईएसआईएस औषधालय, सदाशिवपेटा और ईएसआईसी डीसीबीओ, सदाशिवपेटा के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा देखभाल का लाभ उठा रहे हैं।

दिनांक 31.03.2025 तक की स्थिति के अनुसार, विकाराबाद जिले में बीमित व्यक्तियों (आईपी) की संख्या 757 है, जो ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए निर्धारित ईएसआईसी मानदंडों को पूरा नहीं करती है। तदनुसार, वर्तमान में तांडूर में ईएसआई अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****